# बेमौसम बारिश से खराब हुई फसल का प्रशासन तत्काल सर्वे करा मुआवजा दिलाए

**नवभारत न्यूज**

**सतना 1 नवम्बर । भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक टाउनहाल सतना में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुई जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इन्द्रजीत पाठक ने की ।**

प्रदेश महासचिव महेन्द्र सिंह, प्रदेश प्रवक्ता दिलीप सिंह, संगठन मंत्री द्वारिका प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी मुकेश कुशवाहा, युवा जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, जिला एवं ब्लाक कमेटियो एवं जिला भर से आये किसान प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित हुई बैठक । बैठक में उपस्थित किसानो एवं पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। सर्वसम्मत से प्रस्ताव पारित किया गया कि असमय वारिस से खेतो में पकी धान की फसले गिर गई है जिसमें अंकुरण हो रहा है, जमीन गीली होने से कटाई नही हो पा रही है जिससे किसानो को अपूर्तिनीय क्षति हो गई , जिला प्रशासन तत्काल सर्वे कराकर फसल नुकसान की राहत राशि मुआवजा



दिलाये जिससे किसान अगली फसल की तैयारी कर सके। पराली प्रबंधन के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा पराली न जलाने का फरमान जारी किया गया है जिससे शासन-प्रशासन पंचायत पराली प्रबंधन हेतु जमीन उपलब्ध कराये जिससे पराली समाप्त की जा सके अन्यथा किसान पराली जलाने पर मजबूर होगा क्योकि उसे अगली फसल की बोनी करना है साथ ही रासायनिक उर्वरक यूरिया डीएपी 18:46 समितियों के माध्यम से एवं डबल लॉक सेन्टरो से उपलब्ध करायी जाय साथ ही वितरण व्यवस्था को दुरूस्त कराये जाने की मांग की गई अन्यथा की स्थिति मे किसान मजबूर होकर धरना प्रदर्शन एवं उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होगें जिसकी सम्पूर्ण जबाबदारी शासन प्रशासन की होगी। बैठक मे संगठन विस्तार करते हुए वंशपति सिंह कृष्णगढ़ को ब्लाक उपाध्यक्ष रामपुर बाघेलान, रामायण सिंह कृष्णगढ़ को युवा जिला उपाध्यक्ष, रामकरण सिंह कृष्णगढ़ को रामपुर दक्षिणी ब्लाक अध्यक्ष, नीलेश प्रताप सिंह कोरिगवां को ब्लाक अध्यक्ष रामपुर बाघेलान युवा मोर्चा, विजय सिंह कोरिगवां को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में मुख्य रूप से चिन्तामणि कुशवाहा, नागेन्द्र सिंह, इन्द्रभान सिंह, सुखदेव सिंह, रामकृष्ण पाण्डेय, मइयादीन साहू, श्रीकान्त सिंह, रामानुज सिंह, नितिन सिंह बघेल, विजय सिंह, अर्जुन दाहिया, विश्राम सिंह, केशकली सिंह, सुरेश सिंह, रामफल केवट, अमरपाल सिंह, गजाधर सिंह, प्रेमप्रकाश, मुन्नालाल, रामकुशल, श्यामसुंदर सर्वोदय, जगदीश द्विवेदी, रामचरण सिंह, अरविन्द सिंह सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहें।

## मुआवजा तुरंत दे सरकार : कल्पना वर्मा



कोठी । रैगांव विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा ने बेमौसम हुई बरसात में खराब हुई किसानों की धान की फसल का मुआवजा तुरंत दिए जाने की मांग की है । उन्होंने कहा कि आज चारों तरफ क्षेत्र में किसानों की धान की फसल चौपट हो चुकी है कई दिनों से चल रही रुक-रुक कर बारिश की वजह से अधिकांश फसल किसानों की नष्ट हो गई है और जो बची भी है उसमें भी अब कीट पतंग लगने लगी हैं और वह भी खराब होने लगी है जिससे किसानों पर चौतरफा मार पर रही है और अब उनको जीवकोपार्जन की भी दिक्कत होने लगी है साथ ही रवि की फसल की भी बुवाई प्रभावित है जिससे किसान अत्यंत चिंतित एवं व्यथित हैं उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द ही पीड़ति किसानों को सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए।

## बीमा कंपनियाँ तत्काल करें नुकसान की भरपाई



कोटर । प्रदेश के अधिकांश जिलों सहित सतना जिले में भी इस वर्ष खरीफ सीजन के दौरान अभी भी लगातार बारिश और अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। धान, सोयाबीन, उड़द, मूंग, तिल और मक्का जैसी प्रमुख फसलें जलभराव से सड़ रही हैं,जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लाखों किसानों ने अपनी फसलों का बीमा कराया था, लेकिन बीमा कंपनियों ने अब तक तो सर्वे भी शुरू नही किया है ।अजीत सिंह ने कहा कि किसानों की मेहनत और पसीना हर साल प्राकृतिक आपदाओं में बह जाता है, और बीमा कंपनियाँ मुनाफ़ा कमा कर किसानों की पीड़ा पर चुप रहती हैं। यह अन्याय अब बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार तत्काल अतिवृष्टि प्रभावित जिलों की सूची जारी करे।

# मैहर से शर्मनाक तस्वीर, मुक्ति धाम में पसरी गंदगी, नपा प्रशासन का पहरा या उपेक्षा?

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 1 नवम्बर। मां शारदा की नगरी मैहर का वह स्थान जहाँ जीवन की अंतिम यात्रा पूरी होती है, आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। नगर पालिका के सफाई अभियान की पोल खुली पड़ी है मुक्ति धाम परिसर में चारों ओर गंदगी, दुर्गंध और उपेक्षा का आलम ऐसा कि शोकाकुल परिवार अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करने आते हैं तो असहनीय स्थिति का सामना करना पड़ता है।**



चित्रों में साफ दिख रहा है कि जहां शांति और श्रद्धा का वातावरण होना चाहिए, वहां कीचड़, कचरा, गोबर और गंदे पानी के ढेर ने मुक्ति स्थल की गरिमा को रौंद रखा है। श्मशान भवन के भीतर फर्श पर जमी गंदगी, दीवारों पर मैल और जगह-जगह मलमूत्र के निशान इस बात की गवाही दे रहे हैं कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारी यहां महीनों से नहीं पहुंचे।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। जिस जगह इंसान की देह पंचतत्व में विलीन होती है, वहीं यह अमानवीय हाल देख कर मन कांप उठता है यह विडंबना ही है कि नगर पालिका स्वच्छता अभियान और सुंदर मैहर के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन मुक्ति धाम जैसे पवित्र स्थल की सुध लेने कोई नहीं आता। यह न केवल प्रशासनिक लापरवाही है बल्कि श्रद्धा, संस्कार और मानवता के प्रति अपमान भी है।

प्रशासन को चाहिए कि तत्काल इस स्थान की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करे, नियमित निगरानी दल तैनात करे और जिम्मेदार कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही करे ताकि आगे से किसी भी शोकग्रस्त परिवार को अपने अंतिम संस्कार के समय अवमानना और असुविधा की यातना न झेलनी पड़े।

मुक्ति धाम में फैली यह गंदगी केवल सफाई की नहीं, संवेदना की कमी की तस्वीर है। क्या नगर पालिका अब भी जागेगी, या फिर यह मुक्ति स्थान इसी उपेक्षा में डूबा रहेगा?

# नशीली कफ सिरप की सप्लाई करने वाला फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 1 नवम्बर। ऑपरेशन प्रहार 2.0 अंतर्गत अमरपाटन थाना पुलिस ने नशीली कफ सिरप की सप्लाई करने वाले फरार आरोपी को आज गिरफ्तार किया है ।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अमरपाटन पुलिस द्वारा कल दिनांक 31/10/25 को मुखबिर सूचना के आधार पर आजाद चौक अमरपाटन से आरोपी पवन पांडे पिता शारदा प्रसाद पांडे उम्र 29 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती अमरपाटन के कब्जे से 10 शीशी ऑनरेक्स कफ सिरप जप्त कर आरोपी के विरूध्द एनडीपीएस एवम ड्रग कंट्रोल एक्ट एवं बीएनएस की विभिन्न धाराओं में अपराध क्रमांक 625/25 पंजीबध्द किया गया था।

आरोपी पवन पाण्डेय से नशीली कफ सिरप की सप्लाई के संबंध में पूछताछ करने पर अंकित पटेल पिता रामाश्रय पटेल उम्र 22 वर्ष नि. बेला, वार्ड न. 15 रीवा रोड अमरपाटन से आनरेक्स कफ सिरप लेना बताया था। आरोपी अंकित पटेल जो कि घटना के बाद से फरार चल रहा था को आज अमरपाटन पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में निरी. विजय सिंह परस्ते थाना प्रभारी अमरपाटन ,उनि मिथलेश त्रिपाठी , प्र.आर. विजय शर्मा , आर. सुरजीत सिंह शामिल रहे।

## 16 शीशी नशीली कफ सिरप सहित आरोपी गिरफ्तार

**मैहर** ।मैहर जिले के रामनगर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मिरगौती में रेड कार्रवाई कर नशीली कफ सिरप बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना रामनगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि रामजी पटेल पिता रामसिया पटेल निवासी ग्राम मिरगौती का अपने गांव में ही बूढ़ी माता मंदिर चौराहा के पास अवैध नशीली कफ सिरप बिक्री करने हेतु रखे है निरी. विजय त्रिपाठी थाना प्रभारी रामनगर व उनकी टीम द्वारा उक्त सूचना पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से 16 नग नशीली आनरेक्स कफ सिरप कुल कीमती 2720/रुपये की जप्त कर आरोपी रामजी पटेल पिता रामसिया पटेल उम्र 35 साल निवासी ग्राम मिरगौती थाना रामनगर जिला मैहर को गिरफ्तार किया गया एवम धारा 8,21,22 एनडीपीएस एक्ट 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है ।कार्रवाई में निरी. विजय त्रिपाठी थाना प्रभारी रामनगर , सउनि समरजीत कोल , प्रआर. रावेन्द्र सिंह , आर .राजेश यादव शामिल रहे।

## एक नजर में



## लौह पुरुष के जयंती समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सुखलाल रावत दी गई विदाई

**रामनगर** ।लौहपुरुष भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती पर्व सह सुखलाल रावत प्रधानाध्यापक का सेवा निवृत्ति सम्मान समारोह कालिका प्रसाद पटेल सांसद प्रतिनिधि जिला मैहर एवं उपाध्यक्ष जानकी रमण मंदिर पब्लिक ट्रस्ट न्यू देवराजनगर के मुख्य आतिथ्य में संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवराजनगर दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को संपन्न हुआ। जिसमें सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के जीवन दर्शन पर व्याख्यान एवं सुखलाल रावत का विदाई समारोह मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कमला प्रसाद सोनी पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत न्यू देवराजनगर ने की। कार्यक्रम में विकास गुप्ता सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत न्यू देवराजनगर, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी सचिव श्री जानकी रमण मंदिर पब्लिक ट्रस्ट न्यू देवराजनगर , रामभद्र पाठक सेवा नि. शिक्षक , प्रेम लाल कोल अध्यक्ष आदिवासी संघ रामनगर जनपद विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



## एएसआई अनिल तिवारी को दी गई विदाई

**सतना**। नागौद थाना के पो?ी चौकी प्रभारी अनिल तिवारी का तबादला कटनी के लिए कुछ दिनों पहले हुआ था ।लेकिन त्योहारों की वजह से उनकी रवानगी नही हुई थी। नागौद थाना में वह अपनी व्यवहारिक जीवन शैली व कर्तव्य निष्ठा की वजह से स्टाफ के साथ क्षेत्र गहरी पैठ बना चुके थे ।वह अपनी कार्यशैली के चलते क्षेत्र में सदैव याद किए जायेगे।उसी का परिणाम है कटनी रवाना होने से पहले पो?ी चौकी में उन्हें क्षेत्र के लोगो के साथ पो?ी चौकी में पदस्थ स्टाफ ने दी भावभीनी विदाई।इस दौरान नवागत पो?ी चौकी प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, प्रधान आरक्षक पंकज मिश्रा,राजेन्द्र पांडेय,ओम प्रकाश तिवारी,सैनिक मोतीताल के साथ पत्रकार रूप कुमार हरबोल, अनुपम दाहिया सहित पूर्व सरपंच प्रदीप जायसवाल,युवा मोर्चा मंडल अटरा के पूर्व अध्यक्ष पिंटू कुशवाहा,योगेंद्र जायसवाल,एडवोकेट सूरजभान जायसवाल,सचिन,आशीष शुक्ल सहित काफी संख्या में क्षेत्र के लोग रहे मौजूद।

## बेमौसम बारिश से धान की फसल बर्बाद ,सर्वे करा कर मिले उचित मुआवजा : संतोष पाण्डेय



**सतना**। किसान कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पिछले चार दिनो से लगातार हो रही बर्षा के कारण सतना जिले में किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में पानी भर जाने से फसले चौपट हो गई हैं यह स्थित बेहद गंभीर है जिन किसानों ने पूरे वर्ष कठिन परिश्रम से फसल उगाई थी उनके सामने जीविका और कर्ज का संकट खड़ा हो गया है। श्री पाण्डेय ने प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा है कि सतना जिले में किसानो की धान की फसल का तत्काल सर्वे कराकर फसल हानि का उचित आकलन कर राहत और मुआवजा प्रदान किया जाय किसान अन्दाता होते हुए समाज और अर्थब्यवस्था की रीढ़ है उनका दर्द प्रदेश का दर्द है प्रदेश सरकार को चाहिए ऐसे कठिन समय मे किसानो के साथ खड़ी हो और हर सभंव सहायता प्रदान करे किसान कांग्रेस प्रसानिक अधिकारियों से बात कर किसानो को राहत दिलाने का काम करेगी।

# दो दिन की बारिश के बाद शनिवार को खेला गया मैच

## केपीएल का पहला मैच रद्द होने के बाद दूसरा मैच आरसी ने जीता

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 1 नवम्बर। खेल मैदान कोठी में अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति छठवीं टेनिस बॉल कोठी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का मैच आज दो दिन बाद खेला गया।**



पहला मैच पिच में नमी होने के कारण रद्द कर दिया गया जो कि एसटीएल एवं टीडी के मध्य होना था वहीं दूसरा मैच मौसम साफ होने के बाद पिच सूख जाने से आरसी एवं टीआरएस के मध्य खेला गया जिसमें आरसी की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 163 रन बनाए और जीत के लिए टीआरएस की टीम को 164 रनों का लक्ष्य दिया परंतु टीआरएस की टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई और 53 रनों से मैच हार गई आज के मैच में आरसी टीम के खिलाड़ी सत्यप्रकाश कुशवाहा को बेहतर प्रदर्शन करने के कारण मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# देवउठनी एकादशी पर बाजार में रही रौनक

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 1 नवम्बर। दीपावली के बाद आज फिर से बाजार में रौनक देखने को मिली है पिछले कई दिनों से हो रही बारिश की वजह से बाजार में भी शांति थी परंतु आज जैसे ही मौसम साफ हुआ लोग बाजार के लिए निकल पड़े जिसका नजारा आज कोठी बस स्टैंड से लेकर बाजार तक देखने को मिला ।**



सड़क के दोनों और काफी दुकानें सजी थी जिसमें मूर्ति ,फोटो , पटाखे एवं सात सज्जा के समान के साथ अन्य सामानों पर भी जमकर खरीददारी चल रही थी आज दोपहर से लेकर शाम तक बाजार से निकलने में भी काफी समय लग रहा था कुल मिलाकर देवउठनी एकादशी के मौके पर आज बाजार में फिर से रौनक लौट आई है जिस व्यापारी व आमजन में खुशी देखने को मिली कई व्यापारियों ने कहा एकादशी को लोग छोटी दीपावली के रूप में देखते हैं और मानते हैं जिससे बाजार में भीड़ होना स्वाभाविक है।



# ग्राम पंचायत अक्सा में मनाया गया मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज**

**सतना 1 नवम्बर। जनपद पंचायत उचेहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कार्यालय अकहा में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया।**

महापुरुषों के छाया चित्रों में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन कर मध्यप्रदेश के विकास में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए संकल्प लिया गया इस मौके पर ग्राम के सरपंच अजय कोल,पंचायत सचिव तरुण मिश्रा,पूर्व सरपंच रामकृष्ण तंतुवाय,समाजसेवी लवकेश लोधी,उपसरपंच शिवकुमार लोधी,रोजगार सहायक राजकुमार तंतुवाय,पंच रामाधार साकेत,दिनेश बुनकर सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सड़कों की हालत खराब पैदल चलना मुश्किल

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 1 नवम्बर। नगर परिषद नागौद के वार्ड नंबर 2 हरदुआ मोहल्ले की सड़कों की हालत इस समय बहुत खराब है, जिससे स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर गड्ढे ,कीचड़ और धूल-मिट्टी के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कई बार तो लोगों को निकलने में भी परेशानी होती है।**

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार जिम्मेदार लोगों को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार लोग उनकी समस्याओं को अनदेखा कर रहे हैं। अब देखना यह है कि जिम्मेदार लोग इस समस्या का समाधान कब तक करते हैं और स्थानीय लोगों को राहत कब मिलती है।





# राज्य स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में रामनगर की छात्र - छात्राओं को मिला तृतीय स्थान

**नवभारत न्यूज**

**रामनगर 1 नवम्बर। राज्य स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता दिनांक 28 एवं 29 अक्टूबर को राज्य विज्ञान शिक्षण संस्थान जबलपुर में संपन्न हुई।**

प्रतियोगिता में रीवा संभाग का प्रतिनिधित्व कर रही शासकीय संदीपनी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर की छात्र-छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है जो रामनगर के लिए गौरव की बात है । विद्यालय स्टाप ने सभी बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं निश्चित यह गौरव पूर्ण पल, सभी बच्चों ने संभाग रीवा जिला मैहर व संदीपनी विद्यालय रामनगर का नाम रोशन किया । प्रेरक शिक्षक अनंत कुमार भट्ट उच्च माध्यमिक शिक्षक को बधाई एवं शुभकामनाएं

## राजेश अग्रवाल महा मंत्री, संजय बंसल कोषाध्यक्ष नियुक्त हुए

सतना। मध्य प्रदेश अग्रवाल युवा महा सभा के जिला अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल की अनुशंशा पर प्रांतीय महा मंत्री मुकेश गोयल, प्रमुख प्रमार्श दाता अजय अग्रवाल ,मुख्य सलाहकार सुरेश गोयल की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल की स्वीकृति से नव नियुक्ति पत्र सुमित गर्ग द्वारा जारी किये गए। नव नियुक्त पधाधिकारीयो को समाज के प्रबुध्य जनो ने बधाई दी महिला महा सभा प्रदेश अध्यक्ष मीना बंसल , प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल , प्रदेश मंत्री सविता अग्रवाल , सम्भागीय अध्यक्ष विश्वनाथ अग्रवाल , विजय अग्रवाल ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# नगर परिषद कोटर में हर्षोल्लास से मनाया गया मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस



**नवभारत न्यूज**

**कोटर 1 नवम्बर। नगरपरिषद कोटर में मध्य प्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईश्वर से प्रार्थना की गई कि हमारा मध्यप्रदेश निरंतर प्रगति की और अग्रसर रहे।**

जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी डॉ पूजा द्विवेदी , नगरपरिषद अध्यक्ष राजमणि सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, सभापति बबलू गौतम, पार्षद पंकज कुशवाहा, शांति स्वरूप अग्रवाल, आंनद पाठक और सीएमओ प्रभारी आयुश सिंह, दिवाकर तिवारी, सतीश साहू दीपक आर्य, अजय पांडेय,अनीता कोहले, प्रीती पांडेय, विवेक पयासी, बिपिन तिवारी, संतोष मिश्रा, गब्बर शुक्ला, राहुल गौतम, राजेन्द्र कुशवाह, रामदेव,उमेश गौतम और सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर परिषद जैतवारा में मनाया गया मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया



जैतवारा । आज दिनांक 01.11.2025 को नगर परिषद जैतवारा में मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया साथ ही समस्त कर्मचारियों को स्थापना दिवस की शपथ भी दिलाई गई । इस अवसर पर नगर परिषद जैतवारा की अध्यक्ष श्रीमती रेनू डोहर , उपाध्यक्ष ब्रजेश पयासी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पंजाब सिंह ,समाजसेवी रामलखन डोहर , नगर परिषद के कर्मचारी रामराज डोहर ,दयाराम शुक्ला, लवलेश शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, रविराज सिंह, प्रभात मिश्रा, पीयूष त्रिपाठी ,जितेंद्र शुक्ला, लालजी विश्वकर्मा, विनोद मिश्रा ,सुनील साकेत, शशि मिश्रा आकांक्षा त्रिपाठी समेत समस्त नगर परिषद जैतवारा स्टॉफ उपस्थित रहे।

## गर्भवती महिला की इलाज के दौरान मृत्यु

**चित्रकूट, 1नवंबर** । हनुमान गढ़ी के कार्यवाहक महंत मन भरन प्रसाद द्विवेदी की गर्भवती पुत्री श्रीमती प्रियंका पति पुष्प नारायण पयासी का निधन 27 अक्टूबर को इलाज के दौरान जबलपुर में हो गया है।

मृतका के ढाई वर्ष की एक पुत्री है और मृतका 4 माह की गर्भवती थी। मृतका की ससुराल सतना जिले के दलदल गांव में है और वह कैलाश पयासी की पुत्र बधू है। मृतका के आत्मा की शांति हेतु हनुमान गढ़ी में भक्तों ने शोक सभा कर दु:ख व्यक्त किया।